मुंबई, कोलकाता, दिल्ली, ठाणे, पालघर, राजस्थान, मिर्जापुर, लखनऊ, इलाहाबाद, वाराणसी, जौनपुर, भदोही, प्रतापगढ़ में वितरित

# कदम कदम पर

महाराष्ट्र सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त समाचार पत्र

संपादक : छोटेलाल शर्मा

RNI No. : MAHHIN/2014/55126 PR No. : MNE/329/2020-2022 POSTED AT BHANDUP (E) POST OFFICE, MUMBAI-42 ON EVERY TUESDAY

वर्ष - 10 अंक - 04 मुंबई, सोमवार, दिनांक 10 अक्टूबर से 16 अक्टूबर 2022 पृष्ठ : 8 कीमत : 3 /- रुपये

## अभिनेता नवीन शर्मा के मन की बात



**- अभिनेता नवीन शर्मा**

उत्तर प्रदेश 1 लाख 7 हजार 7 सौ 53 गांव है और भी संख्या ज्यादा ही होगी, आबादी लगभग 35 करोड़ और सम्पूर्ण 75 जिलों के हिसाब से ये भारत में सबसे बड़े राज्य उत्तर प्रदेश में स्थापित गांव की संख्या है, जिनमें स्वास्थ्य केंद्र व्यवस्था में क्या सुधार सिर्फ स्वास्थ्य मंत्री एवं उप मुख्यमंत्री श्री बृजेश पाठक जी उप्र के ही मातहत आता है मित्रों आज लगभग हर गांव में हमारे नवजवान जो एंड्रॉयड फोन इस्तेमाल कर रहे है, क्या वो अपने गांव के स्वास्थ्य केंद्र की व्यवस्था की जानकारी सीएम पोर्टल पे नहीं दे सकते, ये भी हमारा ही फर्ज है हमे अपने आसपास की सरकार द्वारा सुविधाओं की कमियों का सरकार पहुंचाना हर एक नागरिक का स्वयं का कर्तव्य है ।

स्वास्थ्य मंत्रालय भारत सरकार एवं राज्य सरकार को उन सभी सरकारी डॉक्टर जो सरकार से अपनी तनख्वाह, टि ए डी ए लेते है, उन डॉक्टर के सरकारी अस्पतालों में समय से न पहुंचना, अपने जूनियर के सहारे अस्पताल में गरीब मरीजों को हवाले कर देना, और खुद अपने स्वयं के घर पे, और गैर सरकारी अस्पतालो में राउंड और निजी क्लीनिक खोल के ड्यूटी टाइम वहां पे देना एक्स्ट्रा इनकम जो उन्हें रिटायर मेंट के बाद खोलने चाहिए वो ये नौकरी पीरियड में ही चलाते है, इस्पे सरकार मजबूत विधानसभा में पूर्ण बहुमत की सरकार है इसे बिल पास करके एक कानूनी रूप दे देना चाहिए, ये एक ऐतिहासिक फैसला होगा सरकार द्वारा, ताकि जो गरीब तबके के लोग अपना कीमती वोट हमारी सरकार को देते है चुने हुए अपने प्रतिनिधियों द्वारा उनके जीवन को उत्कृष्ट इलाज उन्हे अपने गांव में, ब्लॉक में, तहसील में,जिले में उपलब्ध हो सके, जिससे उत्तर प्रदेश के लखनऊ मेडिकल कॉलेज, लोहिया संस्थान,पीजीआई,आदि सरकारी हॉस्पिटल के ऊपर बढ़ते हुए मरीजों का दबाव जो 75 जिलों से आते है और बेड, वेंटीलेटर नही मिल पाते और एक्सरे, अल्ट्रा साउंड,महंगी दवाएं, से घर, जमीन, रोजगार बेचकर अपने जीवन की गाढ़ी कमाई को अपने इंसान को बचाने में गंवा देते है, मगर इन सरकारी डॉक्टर के कान में जूं नहीं रेंगती, उन्हे तो मेडिकल, डायग्नोस्टिक सेंटर,जगह से आने वाली मोटी कमीशन चाहिए । उत्तर प्रदेश सरकार में सबसे ज्यादा बजट होता है हर वर्ष, तो जिले में वेंटीलेटर, अल्ट्रा साउंड,अच्छी फायदे मंद दवाएं,और बचे हुए जिलों में मेडिकल कालेज की स्थापना करवानी चाहिए क्योंकि अब वक्त 21 वी सदी का है । जनता को बड़े बंगले नही चाहिए, उसे सिर्फ थोड़ी सी राहत जीवन को सुचारू रूप से व्यतीत हो जाए इसके लिए वो अपने देश, राज्य की सरकार चुनता है, ।




मेरी मन की बात थी कह दी, इसे मेरे डॉक्टर मित्र दिल पे ना ले, क्योंकि अगर ये मजदूर बीमारी में अपनी जिंदगी खो देगा तो हमारे बड़े बड़े शहरों की रंगाई, पुताई,मकान बनवाई कौन करेगा, इसलिए इनकी और इनके परिवार की हिफाजत करना सरकार का कार्य है। हमारे पूज्य पीएम श्री Narendra Modi ji एवं पूज्य महाराज श्री YogiAdityanath CM योगी आदित्यनाथजी बहुत ही प्यारे इंसान है और विकासपुरुष है, उम्मीद है इस विचारो पे जरूर आशीर्वाद बनाएंगे ।

## युवाओं की प्रेरणास्त्रोत, बेहद होनहार लखनऊ की बेटी ज्योतिका शाही सक्सेना ने साहित्य में उल्लेखनीय प्रदर्शन करने पर Honorary of Doctorate में गोल्ड मेडल प्राप्त कर बढ़ाया अपने शहर का मान, परिवार में खुशी की लहर

**सीखड़,** बेहद कम उम्र में ही पूरे देश एवं विदेश में अपनी रचनाओं से एक अलग पहचान बना चुकी डॉ ज्योतिका आज किसी पहचान की मोहताज नहीं हैं। अपनी रचनाओं के माध्यम से उन्होंने छोटे एवं बड़े सभी के बीच अपनी एक विशेष पहचान बनाई है।

वे अपने स्कूल समय से ही बहुत होनहार छात्रा रही हैं और बेहद गर्व की अनुभूति होती है कि उनकी रचनायें आज देश एवं विदेश सभी जगह पसंद की जा रही हैं ।

ज्योतिका जी ने साबित कर दिया कि कोई भी कार्य यदि सच्ची निष्ठा, लगन एवं पूर्ण ईमानदारी से किया जाए तो सफलता अवश्य प्राप्त होती है, बशर्ते आप मैदान में डटे रहिये, जब तक आप मैदान में हैं, आप हँस लीजिये, रो लीजिये लेकिन कदम पीछे मत किजिये और जीवन में कभी भी प्रयास करना मत छोड़िये क्योंकि आज यदि



आपके जीवन में अँधेरा है तो कल उजाला भी अवश्य ही आएगा ।

आपको बता दें डॉ ज्योतिका के लेख,कहानी, कविता, गीत प्रतिदिन देश के हर कोने से प्रकाशित होते हैं, जिन्हें पाठकों द्वारा बहुत पसंद किया जाता है , इन्हें कई राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय पुरस्कारों से सम्मानित भी किया जा चुका है। आज देश के युवाओं के लिए रोल मॉडल हैं ज्योतिका।

ज्योतिका जी की इस उपलब्धि पर उनके पिता श्री विजय प्रकाश सक्सेना एवं माँ मोहिनी सक्सेना एवं बहन योगिता सक्सेना बेहद खुश हैं । उनके द्वारा अपनी बेटी को आशीर्वाद दिया गया एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना की । इसी क्रम में देश - विदेश से शुभचिंतकों द्वारा ज्योतिका को निरंतर शुभकामनायें व बधाई संदेश प्राप्त हो रहे हैं जो कि अपने आप में बहुत ही गर्व की बात है।

## ठाकुर मनोज सिंह जी ने किया रामलीला प्रेमियो का स्वागत

**कुलाबा,** रामलीला सेवा केंद्र द्वारा क्रॉस मैदान में भगवान श्री राम जी की लीला का एक सांस्कृतिक रूप से मंचन हुआ रामलीला देखने के लिए आये तमाम राम प्रेमियो ने रामलीला सेवा केंद्र का आभार व्यक्त किया दर्शको का कहना था की ऐसी राम लीला हमें बहुत की कम जगहों पर देखने को मिलती है जिसमे अच्छे कलाकारों द्वारा रामलीला का मंचन हो रहा हो रामलीला की शोभा बढ़ाने आये आई .जी. साहब श्री कृष्णा प्रकाश जी और उनका पूरा परिवार रामलीला देखकर खुश हुए इस अवसर पर आई. जी . साहब का स्वागत संस्था के वाईस चेयरमैन और भारतीय जनता पार्टी झारखण्ड सेल के अध्यक्ष श्री ठाकुर मनोज सिंह जी ने किया यह सब देख आई .जी. साहब ने रामायण की कुछ पंक्तिया दर्शको के सामने सुनाया यह सब देखकर और सुनकर दर्शको ने खूब तालिया बजाई और रामलीला का आंनद लिया और सभी रामलीला सेवा केंद्र के कलाकारों .कार्यकताओं का तन मन आभार व्यक्त किया.



**GOVERNMENT OF MAHARASHTRA**

Office of the Executive Engineer,
Presidency (P.W.) Division, Mumbai
Email : presidency.ee@mahapwd.gov.in

**E- TENDER NOTICE NO 54 FOR 2022-2023**

Online E- Tenders in B-1 Form For the Following Work are invited by the Executive Engineer, Presidency Division, PWD, 2nd floor Bandhakam Bhavan, 25 Murzban Road, Fort, Mumbai-400 001 (Tel. No-22016975/22016977) from Majoor Sahakari Sanstha in appropriate class of the Public Works Department. Right to reject/accept of all or one tender is reserved by the undersigned.

| Sr No | Name Of Work | Amt. |
|---|---|---|
| 1 | Replastering and painting internally court and varandha staircase at Old Secretariat Main Bldg at City Civil Court,Mumbai. | 17.67 |
| 2 | Plastering and Painting 5th fllor Elphistone Collage and NCC Bldg at City Civil Court Building, Mumbai. | 12.04 |
| 3 | Repairs to Chamber and pipe line in Elphistone Collage Building, Mumbai. | 13.29 |
| 4 | Repairs to granite platform in Laboratory and Sanitary fitting in Institute of Science Bldg. Mumbai. | 13.31 |
| 5 | Repairs to Flooring in various court and passage at Old Bldg and New Bldg passage in City Civil Court Mumbai. | 17.60 |

Issue Date :- 10.10.2022 to 25.10.2022
Opening Date :- 27.10.2022
All the corrigendum/Changes pertain to notice will not published in newspapers that will published in E-tendering process.
All the detail Information is available on following websites
1) www.mahapwd.com
2 ) www.mahatenders.gov.in

No.PD/ TC/ 9671
Office of the Executive Engineer,
Presidency Division, P.W.D., 2nd floor,
Bandhakam Bhavan, 25, Murzban Road,
Presidency Division, Mumbai.
Fort, Mumbai 400 001
Date : 22-9-2022

(C.T.Naik)
Executive Engineer
Presidency Division Mumbai.

डीजीआयपीआर आरओसी - २०२२-२३ क्र-५/C३२६२

## संपादकीय

# जनसंख्या पर रोक

*50 साल पहले भारतवर्ष की आबादी 34 करोड़ थी। आज हम 96 करोड़ तक पहुंच गए हैं और 2001 में हम 100 करोड़ तक पहुंच जाएंगे और शायद चीन से आबादी के मामले में आगे जाने का कार्य हमारी पीढ़ी करेगी। दुनिया की सबसे ज्यादा आबादी वाला देश भारत बनेगा। यह परिस्थिति आगे आने वाले चार सालों में होने वाली है। इस पर यदि हम ध्यान नहीं देंगे, तो विकास की हम चाहे जो भी प्रक्रिया अपनाएं, चाहे हम कितनी ही धनराशि खर्च करें, चाहे हम कितनी ही बंजर जमीन ठीक करें, चाहे हम कितना ही पानी लाएं, हमारा वह सब प्रयास इस बढ़ती हुई आबादी के सामने असफल हो जाएगा। इसलिए यह जनवृद्धि एक ऐसा विषय है, जिस पर पूरे देश को एक ऐसा माहौल तैयार करना होगा और उसमें सभी धर्मों, वर्गों, प्रिंट मीडिया, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया, लोक-प्रतिनिधि आदि को साथ लेकर चलना होगा और एक तरह से इसके खिलाफ जंग लड़नी होगी। तभी इस देश को भयावह परिस्थिति से बचाया जा सकता है। हम दुनिया के सामने नए सवाल पैदा कर रहे हैं। इस बारे में हमें ज्यादा ध्यान देने की जरूरत है।*

*जनसंख्या पर रोक लगाने के लिए कुछ कदम उठाए गए हैं। भारत के समाज की जो जन्म दर थी, वह अफ्रीकी और लैटिन अमेरिकी देशों से आगे नहीं थी, फिर भी हमारी जनसंख्या वृद्धि दर ज्यादा है। 1971 में भारत में प्रजनन दर 40 से 45 प्रति हजार थी और उसके बाद प्रजनन और जन्म दर कम हो गई। जन्म दर प्रति हजार 29 हो गई और प्रजनन दर 35 प्रति हजार हो गई। पिछले 25 सालों में यह दर 40 प्रति हजार से कम रही, फिर भी दुनिया के कई देशों से हमारी आबादी ज्यादा बढ़ रही है।... भारतवर्ष में प्रतिवर्ष एक करोड़ 70 लाख आबादी बढ़ती है। कई राज्य ऐसे हैं, जिन्होंने इस क्षेत्र में अच्छा काम किया है। ऐसे राज्यों में मैं केरल और तमिलनाडु का नाम लेना चाहूंगा, जहां इस क्षेत्र में अच्छा काम हुआ है। इनका नाम लेने में जहां हमें खुशी महसूस होती है, वहीं उत्तर प्रदेश, बिहार, राजस्थान और मध्य प्रदेश, चार राज्य ऐसे हैं, जहां प्रति साल जनसंख्या वृद्धि ज्यादा है। हमें इस पर ध्यान देना होगा कि यह परिस्थिति क्यों पैदा होती है, इसका असर क्या होता है ? आज भारतवर्ष में गरीबी है, बेरोजगारी है, भुखमरी है, भूजल स्थर पर असर हो रहा है, वन कम हो रहे हैं...। जब वन्य पशु-प्राणियों की बात आती है, उन पर बुरा असर हुआ है। इस सबका कारण बढ़ती हुई आबादी है। मुझे लगता है कि राष्ट्र के सामने सबसे बड़ी समस्या बढ़ती हुई जनसंख्या है। इसको हम नजरअंदाज नहीं कर सकते। इस पर सख्त ध्यान देने की जरूरत है कि वृद्धि दर कैसे कम होगी। इस बारे में एक माहौल पूरे देश में तैयार करने की जरूरत है कि परिवार का क्या आकार रखना चाहिए।*

# पतंजलि योगपीठ हरिद्वार मुंबई आगमन पर भव्य स्वागत

केंद्रीय प्रभारी आदरणीय स्वामी परमार्थ देव जी, युवा केंद्रीय प्रभारी स्वामी चंद्रमोहन जी, सह केंद्रीय प्रभारी आदरणीय सचिन जी।

पूज्य स्वामी रामदेव जी के संदेश को लेकर और सभी शिक्षकों,प्रभारी और कार्यकताओं को अपना मार्ग दर्शन दिया। तथा मुंबई राज्य हो रहे योग के क्रार्यक्रम जायजा लिए।

जिसमे मुंबई राज्य प्रभारी आदरणीय सुरेश यादव जी, पोपटराव



कदम जी, आदरणीय अभय काबरा जी, आदरणीय तरुण व्यास जी,आदरणीय रमेश जयसवाल जी, आदरणीय राजू भाई ठक्कर जी, आ. संतोष खटावकर जी , आ सुरेश सिंह जी उपस्थित थे।

इसका आयोजन कांदिवली, बोरीवली और मीरा भयंदर जिला ने मिलकर किया।

कार्य क्रम के संचालक आदरणीय तरुण व्यास जी थे

# ब्लॉक मुख्यालय पर स्वस्थ बालक बालिका स्पर्धा कार्यक्रम का आयोजन

**सीखड़,** गांधी जयंती के अवसर पर शनिवार को व्लाक सभागार कक्ष मे स्वस्थ बालक बालिका स्पर्धा प्रतियोगिता आयोजित किया गया जिसमें मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख छत्रपति सत्येन्द्र सिंह, एवं विशिष्ट अतिथि जिला कार्यक्रम अधिकारी वाणी वर्मा की गरिमामयी उपस्थिति में कार्यक्रम की अध्यक्षता खण्ड बिकास अधिकारी के.के. सिंह के कुशल दिशानिर्देशन में स्वस्थ बालक - बालिका प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ जिसमे 5 बालक, बालिकाओं को उनके माता पिता के साथ मुख्य अतिथि, एवं विशिष्ट अतिथि के हाथों से उपहार देकर सम्मानित किया गया । तथा 5 आंगनबाड़ी कार्यकर्तियो को भी प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया ।

मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि द्वारा उपस्थित कार्यकर्तियो और अभिवावकों को बच्चों को समय से पौष्टिकआहार खिलाना समय से टीकाकरण कराने का सुझाव दिया






जिससे बच्चें कुपोषित न हो सके ।

मुख्य सेविका कुसुमलता राय द्वारा विभागीय योजनाओ के बारे मे जानकारी दिया गया।आगे आये अतिथियों का स्वागत और कार्यक्रम का संचालन सीडीपीओ ज्योतीमा सिंह ने किया धन्यवाद ज्ञापन खण्ड बिकास अधिकारी सीखड़ ने दिया। कार्यक्रम में परियोजना की आँगनबाड़ी कार्यकर्ती व बच्चों के माता पिता अभिभावक उपस्थित रहे।

# धरतीपुत्र पूर्व रक्षामंत्री मुलायम सिंह यादव का हुआ देहावसान



समाजवादी पार्टी संस्थापक एवं संरक्षक मुलायम सिंह यादव जी परिनिर्वाण को प्राप्त हो गये आज दिनांक 10 अक्टूबर 2022 को सुबह 8:20 पर मुलायम सिंह यादव जी ने अंतिम सांस रुक गई

गुरुग्राम के मेदांता अस्पताल में यादव जी भर्ती रहे।22 अगस्त से लगातार मुलायम सिंह यादव का इलाज चल रहा था उनकी उम्र 82 साल की हो चुकी थी आपने देश के रक्षामंत्री का कार्यभार संभाला तथा उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री रहे।समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव एवं आपके भाई शिवपाल यादव समेत तमाम नेता अस्पताल में मौजूद रहे।वी पी मंडल की अगुआई में गठित मंडल कमीशन की रिपोर्ट का एक भाग लागू कराने में नेताजी की भूमिका रही जिससे पिछडे. वर्ग को अधिकार स्वरुप 27 प्रतिशत हिस्सेदारी मिली।

# कोकीन के धंधे से 'कुबेर' बन गया केमिस्ट्री से पोस्ट ग्रेजुएट

**मुंबई,** मुंबई एंटी नारकोटिक्स सेल ने एक ऐसे शातिर आरोपी को गिरफ्तार किया है, जो बड़े ही शातिराना अंदाज में ड्रग्स का काला धंधा फैला रखा था और करोड़ों की कमाई की थी। मतलब वह कोकीन के धंधे से ह्यकुबेरह्ण बन गया। केमिस्ट्री से पोस्ट ग्रेजुएट आरोपी ने तीन साल से भी कम समय में सात हजार करोड़ रुपए से ज्यादा का ड्रग्स बनाकर करोड़ों की कमाई भी की है। उसकी प्लानिग बड़ी थी। सफल होता, उससे पहले ही पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया है। मुंबई पुलिस की एंटी नारकोटिक्स सेल ने इसी साल मार्च के महीने में ड्रग्स के मामले में एक छापेमारी की थी, जिसकी जांच में करोड़ों के ड्रग्स मिले थे। जांच के दौरान ५४ वर्षीय शख्स को गिरफ्तार किया था, जो कि इस पूरे कारोबार का मास्टरमाइंड था और उसने अब तक ७,००० करोड़ रुपए का ड्रग्स बना डाला था। आरोपी ने उत्तरांचल यूनिवर्सिटी से ऑर्गेनिक केमिस्ट्री में



पोस्ट ग्रेजुएशन किया है। वह पहले केमिकल कंपनी के लिए कसल्टेंट के तौर पर काम करता था और कंपनी में सारा काम समझने के बाद उसने खुद की एक कंपनी शुरू की। शुरूआत में उसने इस कंपनी की वेबसाइट पर तकरीबन ११० केमिकल्स की जानकारी डाली कि हमारी कंपनी इन केमिकल्स से संबंधित काम करती है। इसके बाद उसे एक अज्ञात व्यक्ति का कॉल आया और उसने कहा कि उसे प्रोपियोनिक एसिड नाम का केमिकल चाहिए, जिसके लिए वो उसे अच्छे पैसे भी देगा। इस प्रपोजल के मिलने के बाद आरोपी ने खुद उस केमिकल का इस्तेमाल कर एमडी ड्रग्स बनाया और फिर उसे बेचकर उससे अच्छा मुनाफा कमाया। इसके बाद उसने इस ड्रग्स को अपनी कंपनी में बनाना शुरू कर दिया। पुलिस को जांच के दौरान पता चला कि कंपनी में ड्रग्स बनाकर वो उसे मुंबई के पास नालासोपारा इलाके में स्थित एक गोदाम में रखता था, जहां से वो इसे बल्क में बेचता था। बेचने के लिए वह पहले व्हॉट्सऐप के माध्यम से कस्टमर से बातचीत करता था।

# यह कैसी जलन कैसा विचार है?

**समाज** मे अगर कोई अपने बलबूते संम्मान इज्जत शोहरत स्थान प्राप्त करता है तो उनके आस पास रहने वालों अपने ही लोगो मे जलन,ईर्ष्या अपराध बोध की भावना क्यो आ जाती है? (उदाहरण केश कला बोर्ड के नए सदस्यों का गठन लोगो कोअपने चहेते लोगो के नाम की जो जो उमीद थी पूरी नही हुई तो लगे बोलने की वो क्या समाज का भला करेगा,उंसकी औकात नही,,पता नही कैसे जुगाड़ की तब मेम्बर बना आदि आदि तो भाई मेरे बंधु समाज मे इज्जत,प्रतिष्ठा पाने के लिये निस्वार्थ सेवा,समाज मे समय,और अपनापन देना होता है उदाहरण,( किशन जी तंवर,महेंद्र गहलोत, राजेन्द्र टॉक्सिया,सुनील गहलोत,भानु प्रताप जी, गजेंद्र जी,भालचंद्र जी,चंपालाल जी टाकदेवी चरण जी,श्री निवास जी,डिजिटल के पावन जी कछवाह जैसे बनना आसान नही)

अब आते है समाज के बड़े बड़े उधोगपति भामाशाह जो समाज के प्रति सदैव तैयार है उनके पार्टी में खर्च करने या दान देने के बाद ईर्ष्या वश लोगो की धारणा (पहले इनके पास कुछ नही था, हमारे सामने ऐसे रहते, वैसे रहते थे पता नही कहा सेकैसे कमाई करते है, दिखावा बहुत करते है तो मेरा कहना यही है कि अगर आप मे हिमंत या कुछ करने का जब्बा हो तो आप उनकी तरह दिन रात मेहनत करके कमाओ ना उनकी आलोचना से क्या आप बड़े बन जाओगे, अब समाज के दयालु महात्मा,साधु संतों की बात आप लोग सुनते नही,किसी संगठन में कभी निस्वार्थ भाव काम करते नही,यहां भी एकता का अभाव (वो कैसे अध्यक्ष बन जायेंगे, उनको आता जाता कुछ नही,तो भाई मेरे तुम आगे आओ समाज को नई राह दिकहो किसने रोका है.

अब आते है मेरे जैसे साधारण समाज बंधुओं पर जो समाज को अपना अंग मानते है, मेरे जैसे ऐसे बहुत से लोग है जो समाज के साथ साथ अपने आप की पहचान के लिये हमेशा आधुनिक मीडिया पर बिना किसी पार्टी, झंडे, सबको साथ लेकर सक्रिय रहते है तो उनसे भी तकलीफ की यह ऐसा क्यो करते है,बिना पेंदे का लोटे,या इनको इतनी फुर्सत कैसे मिलती है. सबसे मिलने,बात करने घूमने, फिरने की कहा से मिल जाती है, शादी में इतना कैसे खर्च करते है,सारा दिन तो घूमते फिरते है तो भाई मेरे आपको क्या दिकत है,आप दूसरों को सुखी देखकर खुद क्यो दुखी हो रहे है आप भी अपनी मेहनत काबिलियत से वो स्थान प्राप्त करो बल्कि हम से भी ज्यादा हिंदुस्तान में अपनी पहचान बनाओ ताकि समाज आपसे प्रेरणा हासिल कर सके, आप अपना जितना समय दुसरो की आलोचना, ईर्ष्या, अहंवहम में गुजार देते हो उसी का अगर आधा समय समाज हित मे बिता दो तो लोगो संगठन को सामने खुद को माला,साफा,पगड़ी,से संम्मान के लिये इंतजार नही करना होगा,मालाओं की जगह आपको देखकर अपने आप अपने स्थान से खड़े होकर आपको नमन,प्रणाम कर गले लगाएंगे,जंहा जंहा से सुबह घर से गुजरोगे लोग राम राम करते आपका सन्मान करेगे, इसलिये समाज मे अहम वहम तेरा मेरा माला साफा पगड़ी के चक्कर मे अपने दिल मे कुंठित भावनाओं से बचो समाज के साथ खड़े रहो अपने साथी बंधु को आगे बढ़ते देखकर खुश रहिए. यह भी समाज सेवा है.

SMG - सैन मांगीलाल गोठडिया कोलकाता



छत्रपति शिवाजी महाराज के आत्म बलिदान कर समाज को अजरामर करने वाले वीर जिवाजी माहाले इन्हे जयंती पर अभिवादन करते हुए महाराष्ट्र प्रदेश नारायणी सेना अध्यक्ष अशोक पवार, नाभिक महामंडल पदाधिकारी वाघ सर, आदी मान्यवर।।

## सीएम योगी से मिले चेयरमैन एन. चंद्रशेखरन



**उत्तर प्रदेश :** यूपी में अगले साल होने वाले ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के लिए योगी सरकार जोरशोर से जुटी है। मंत्रियों और अधिकारियों की टीमें देश औ■ विदेशों में आने के लिए औद्योगिक समूहों को निमंत्रण देने में जुटे हैं। आयोजन के लिए सीएम योगी ने कई निर्देश जारी किए हैं। इस बीच देश की अग्रणी ओद्योगिक समूह टाटा संस की तरफ से भी यूपी में बड़े निवेश के संकेत दिए गए हैं। टाटा संस के चेयरमैन नटराजन चंद्रशेखरन ने शुक्रवार को लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की। हालांकि इस मुलाकात को शिष्टाचार भेंट बताया गया है।

मुख्यमंत्री कार्यालय की ओर से दी गई जानकारी के मुताबिक चंद्रशेखरन ने उत्तर प्रदेश की बेहतर निवेश पॉलिसी और ईज ऑफ डूइंग बिजनेस का हवाला देते हुए इस बात के स्पष्ट संकेत दिए कि टाटा संस उत्तर प्रदेश में जल्द निवेश कर सकता है। इस दौरान प्रदेश में विभिन्न क्षेत्रों में निवेश की संभावनाओं और उत्तर प्रदेश के चहुमुखी विकास पर भी चर्चा की गई।

उन्होंने ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में भी टाटा की उपस्थिति दर्ज कराकर उत्तर प्रदेश में निवेश करने की इच्छा जताई है। बैठक में योगी ने टाटा ग्रुप की हॉस्पिटैलिटी, आईटी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स, रक्षा, ऑटो मोबाइल और उड्डयन के क्षेत्र में मजबूत पकड़ को देखते हुए उत्तर प्रदेश में टाटा समूह की निवेश की पहल का स्वागत किया है। उन्होंने राज्य सरकार की ओर से निवेश का बेहतर माहौल प्रदेश में बनाए जाने के मद्देनजर उन्हें हर सम्भव सहयोग दिए जाने का भरोसा दिलाया।

## ट्रैफिक व्यवस्था पर पड़ा हल्का असर...



**ठाणे :** ठाणे जिले के साथ ठाणे शहर में भी झमाझम बारिश बादलों की गड़गड़ाहट के साथ शुरू हो गई। जो दिन भर जारी रही। बारिश के कारण ठाणे जिले के तमाम शहरी और उपनगरीय भागों के साथ ही ग्रामीण भागों में भी जनजीवन पर हल्का असर देखा गया। खासकर ठाणे शहर में जगह जगह जलजमाव की समस्या देर रात तक बनी रही। ठाणे शहर में दिनभर 47.49 मिमी वर्षा दर्ज की गई। इस प्रकार अब तक कुल 2852 मिमी है। जबकि पिछले वर्ष इस कालावधि तक 3520.13 मिमी वर्षा दर्ज की गई थी।

जिले में सितंबर के दूसरे सप्ताह में बहुत तेज बारिश हुई थी। इससे रेल सेवा बाधित होने के साथ ही सड़कों पर गड्ढों के कारण ट्रैफिक जाम की भी तस्वीर देखने को मिली थी बाद तकरीबन 25 दिन के अंत एकबार फिर पूरे जिले में बा जोर पकड़ लिया। इससे इस की बारिश की तस्वीर साफ बीच, शुक्रवार को जिले मे बारिश हुई। ठाणे शहर में छह घंटों में 47.49 मिमी दर्ज की गई है। जबकि क डोंबिवली शहर में 94.3 बारिश रिकॉर्ड की गई है। स नवी मुंबई, भिवंडी, अंब उल्हासनगर, कल्याण शहरों बिजली के साथ भारी बारि रही है। केडीएमसी क्षेत्र औ शहरों के कुछ निचले इला जलजमाव की घटनाएं साम हैं। इस बारिश से कुछ समय यातायात प्रभावित हुआ है।



वैजापूर के पूर्व नगराध्यक्ष, बीजेपी सर्चिटनिस, जिल्हा bank संचालक, श्री दिनेश भाऊ परदेशी इन्हें जन्मदिन पर बधाई देकर जिवा महाले स्मारक का निवेदन देते हुए महाराष्ट्र प्रदेश नारायणी सेना अध्यक्ष अशोक पवार, विलास मथुरिया, नाभिक महामंडल राज्य चिटनिस दिलीप अनरथे, vishvasu, जगताप आदी मान्यवर।।



मेरा पोता आदविक आज पाच वर्ष पुरे कर छटे वर्ष में पदार्पण कर रहा हैं, आशीष स्नेह शुभकामनाएं।। अशोक लालचंद पवार Khandalkar



राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ उन्नत नगर द्वारा देव, देश, धर्म और संगठन निष्ठा पर समर्पित कार्यकर्ताओं के द्वारा पथ संचलन

राष्ट्रीय हिन्दी साप्ताहिक समाचारपत्र

**कदम कदम पर**

RNI No.:MAHHIN/2014/55126

संरक्षक

**जे.पी.शर्मा**

संपादक

**छोटेलाल शर्मा**

मो.:०९८१९८६२१७२

प्रबंध संपादक

**अनिल शर्मा**

मो.:०९८३३३२९७२१

उप संपादक

**श्रीमती कंचन यादव**

**(फैजाबाद, यू.पी.)**

**हरिशंकर शर्मा (मुन्ना)**

**राजन शर्मा (उप संपादक)**

**आर्थिक सलाहकार**

**सतीशचंद्र गुप्ता**

**पंकज (बबलू) यादव**

प्रतिनिधि

**अवनीश कुमार मिश्र**

**(उत्तर प्रदेश मुख्य संवाददाता)**

**सौरभ उमेशप्रताप सिंह**

**राजेश कुमार शर्मा**

साज सज्जा :

**संतोष तिवारी**

(९७६८३६२०९१)

कानूनी सलाहकार

**एड. बी. एम. शर्मा**

**एड. आर. आर. शर्मा**

**एड. भाष्करानंद द्विवेदी**

(मो.: ९४५२७९१५७०)

(न्याय क्षेत्र मुंबई)

सभी पद अवैतनिक हैं।

वाट्स एप नं. : ९८३३२३५०६३

Email : kadamkadampar1@gmail.com

पत्रिका में प्रकाशित सभी आलेख और समाचार लेखकों की अपनी राय है। इससे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।

## भाजपा ने राहुल के पोस्टर पर जूते मारे: सावरकर पर दिए बयान पर जताई नाराजगी; उद्धव को कलियुग का धृतराष्ट्र कहा

**मुंबई.** मुंबई में भाजपा नेताओं ने राहुल गांधी के पोस्टर पर जूते मारे। इखढ विधायक राम कदम ने इसे जूता मारो आंदोलन नाम दिया। उन्होंने बताया कि भारत जोड़ो यात्रा में राहुल गांधी ने वीर सावरकर को




लेकर अभद्र बयान दिया था। इखढ के प्रदर्शन में शिवसेना को भी निशाना बनाया गया है। पोस्टर में उद्धव ठाकरे की आंखों और मुंह में काली पट्टी दिखाई गई है। भाजपा ने उद्धव को कलियुग का धृतराष्ट्र कहा।

भारत जोड़ो यात्रा के दौरान कर्नाटक में राहुल गांधी ने कहा था कि सावरकर अंग्रेजों के लिए काम करते थे और उन्हें इसके लिए पैसे मिलते थे। भाजपा विधायक राम कदम ने राहुल गांधी के पोस्टर पर जूते बरसाते हुए कहा कि राहुल बार-बार सावरकर को लेकर उल्टे बयान देते रहते हैं, जिसे बिल्कुल स्वीकार नहीं किया जाएगा। उन्हें देश की जनता के सामने माफी मांगनी चाहिए।

प्रोटेस्ट के दौरान भाजपा ने शिवसेना के खिलाफ भी नारेबाजी की है और उद्धव की चुप्पी पर सवाल खड़े किए हैं। विधायक राम कदम ने कहा कि राहुल के सावरकर वाले बयान पर उद्धव अपना रुख स्पष्ट क्यों नहीं कर रहे हैं? वह राहुल गांधी की आलोचना क्यों नहीं कर रहे हैं? BJP विधायक ने आगे कहा कि उद्धव ने हिंदुत्व को त्याग दिया और बालासाहेब ठाकरे की विचारधारा से समझौता किया है। भाजपा ने सावरकर को लेकर दिए गए बयान को लेकर राहुल के खिलाफ पुणे भी प्रोटेस्ट किया है। इखढ ने कहा कि फ्रर और सावरकर की हिंदुत्व वाली विचारधारा को लोगों ने स्वीकार कर लिया है। इसी बात से राहुल गांधी डिप्रेशन में हैं और बेतुके बयान बाहर दे रहे हैं।

# MVA काल में साइडलाइन हुए आला अधिकारी करेंगे वापसी!

## चर्चित IPS अधिकारी रश्मि शुक्ला की महाराष्ट्र में वापसी के आसार

**मुंबई. चर्चित** IPS **अधिकारी रश्मि शुक्ला की महाराष्ट्र में वापसी के आसार है। खबर है कि आगामी फेरबदल में सरकार उन्हें अहम जिम्मेदारी सौंप सकती है। हाल ही में राज्य के गृहमंत्रालय ने उनके खिलाफ जारी आपराधिक मामलों को बंद करने का फैसला लिया था।**

कहा जाता है कि साल 2014 से 2019 के बीच फडणवीस के शासन में शुक्ला अहम पुलिस अधिकारी थी। टाइम्स ऑफ इंडिया के अनुसार, शुक्ला की संभावित नियुक्ति राज्य में नौकरशाहों को हैरान कर सकती है। रिपोर्ट के अनुसार, एक वरिष्ठ क्क्षर अधिकारी ने बताया, 'प्रथम दृष्टया, ऐसा लग रहा है कि जब उनके खिलाफ मामले बंद किए जा रहे हैं, तो शुक्ला राज्य में अपनी वापसी और नई जिम्मेदारी की मांग कर सकती हैं।' शुक्ला 1988 बैच की आईपीएस अधिकारी हैं। वह 31 अक्टूबर को रिटायर होने जा रहे हेमंत नगराले के बाद सबसे वरिष्ठ हैं। ऐसे में पुलिस महानिदेशक पर उनकी नियुक्ति को लेकर विचार किया जा सकता है। फिलहाल, यह पद रजनीश सेठ के पास है। इसके अलावा वह विवेक फंसालकर की जगह मुंबई पुलिस आयुक्त भी बनाई जा सकती हैं। रिपोर्ट के मुताबिक,



अधिकारी ने कहा, 'फडनवीस हाल ही में नियुक्त हुए फांसलकर को नहीं छेड़ेंगे। फांसलकर हमेशा राजनीति से दूर और कानून का पालन करने वाले माने जाते हैं। इसके बाद उन्हें डीजीपी बनाया जा सकता है और सेठ को डीजी (एंटी करप्शन) डीजी बनाया जा सकता है।'


राज्य में शिवसेना, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी, कांग्रेस समेत अन्य दलों के गठबंधन की महाविकास अघाड़ी सरकार आने के बाद शुक्ला को साइडलाइन कर दिया गया था। इसके बाद उन्हें सेंट्रल डेप्युटेशन का फैसला किया। खास बात है कि एमवीए सरकार ने उनके खइलाफ दो बड़े आपराधिक मामले दर्ज कराए थे। जुलाई में राज्य में मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और भाजपा सरकार की वापसी हुई है। इसके अलावा राज्य में कई अहम पद खाली है। सेठ को डीजीपी बनाए जाने के बाद डीजी (एंटी करप्शन ब्यूरो) पद खाली है। मई 2022 में के वेंकटेशम के रिटायरमेंट के बाद महानिदेशक (होम गाड्र्स) का पद खाली है। साथ ही फांसलकर को मुंबई आयुक्त बनाए जाने के बाद से डीजी (हाउसिंग) खाली है। ऐसे में संभावनाएं जताई जा रही हैं कि ट्श्अ सरकार में दरकिनार हुए क्क्षर अधिकारियों की वापसी हो सकती

## मुंबई पुलिस ने शिवसेना के ठाकरे गुट के समर्थन में तैयार शपथ पत्रों को लेकर प्राथमिकी दर्ज की

**मुंबई.** मुंबई पुलिस ने शिवसेना के उद्धव ठाकरे नीत गुट के समर्थन में तैयार किए गए 4,500 से अधिक शपथ पत्र बरामद करने के बाद धोखाधड़ी तथा जालसाजी के आरोपों में अज्ञात लोगों के खिलाफ एक प्राथमिकी दर्ज की है।

शिवसेना के एकनाथ शिंदे की अगुवाई वाले धड़े के प्रवक्ता नरेश म्हस्के ने एक वीडियो संदेश में दावा किया कि मुंबई पुलिस को 4,682 ''फर्जी'' शपथ पत्र मिले हैं और उसने एक शिकायत के आधार पर अज्ञात लोगों के खिलाफ एक आपराधिक मामला दर्ज किया है।

ठाणे के पूर्व महापौर म्हस्के ने पुलिस का आभार व्यक्त किया और शिवसेना के चुनाव चिह्न को लेकर शिंदे गुट के साथ विवाद के मद्देनजर निर्वाचन आयोग के समक्ष शपथ पत्र




देने में कथित कदाचार को लेकर ठाकरे गुट की आलोचना की।

उन्होंने कहा, ''मेरा आरोप है कि शिवसैनिकों के ये फर्जी और झूठे शपथ पत्र निर्वाचन आयोग के समक्ष जमा कराने के लिए तैयार किए गए।''

पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि उन्हें एक नोटरी से शपथ पत्र मिले, जिसमें शिवसेना समर्थकों के आधार कार्ड जैसी महत्वपूर्ण जानकारियां संलग्न थीं। इसके बाद शनिवार को यहां निर्मल नगर पुलिस थाने में भारतीय दंड संहिता की धारा 420 (धोखाधड़ी) और 465 (जालसाजी) के तहत मामला दर्ज किया गया। प्राथमिकी में कहा गया है कि शिकायतकर्ता बांद्रा की एक अदालत में गया था और उसने दो लोगों को शपथ पत्रों के ढेर के साथ देखा, जिस पर नोटरी की मुहर लगी थी। इसमें कहा गया है कि पुलिस ने सभी शपथ पत्र जब्त कर लिए और अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। निर्मल नगर पुलिस थाने के एक अधिकारी के अनुसार, शपथ पत्र बनवाने वाले व्यक्ति को नोटरी के समक्ष पेश होना पड़ता है। इस मामले में जिन लोगों के नाम शपथ पत्र में थे, वे वहां मौजूद नहीं थे। उन्होंने कहा कि पुलिस उन लोगों को बुलाएगी और यह पुष्टि करेगी कि क्या उन्होंने ठाकरे गुट के समर्थन में शपथ पत्र बनवाए हैं और क्या उन्हें अपने नाम पर शपथ पत्र तैयार किए जाने के बारे में पता है।

## अगले दो दिन हो सकती है झमाझम बारिश...

### आईएमडी ने चेताया, जारी किया गया येलो अलर्ट



**मुंबईः** मौसम के जानकारों के मुताबिक अगले दो दिनों मुंबई में भारी बारिश हो सकती है। बीते दो दिनों हुई बारिश के हालात भी इस ओर इशारा कर रहे हैं। भारी बारिश की संभावना को देखते हुए कई राज्यों समेत महाराष्ट्र में भी अलर्ट जारी किया गया है। मुंबई में भारी बारिश की शंका जताते हुए मौसम विज्ञान विभाग ने शहर और आसपास के जिलों ठाणे, कोंकण और पालघर में अगले दो दिनों के लिए 'येलो अलर्ट' जारी किया है। इसके साथ ही लोगों को बारिश के बीच हिदायत भी दी गई है कि वे नदियों-नालों से दूर रहें। वहीं आईएमडी के अधिकारियों ने कहा कि बीते शनिवार को अक्टूबर में 24 घंटे के अंतराल में सबसे अधिक बारिश का रिकॉर्ड दर्ज किया गया।

पिछले साल अक्टूबर की बात करें तो सबसे ज्यादा एक दिन में हुई बारिश 86.5 मिमी दर्ज की गई थी। वहीं बीते सालों की बात करें तो अक्टूबर में एक दिन का आंकड़ा साल 1988 में दर्ज किया गया था, जब 15 अक्टूबर को 140.8 मिमी बारिश दर्ज की गई थी। मुंबई में बीते शुक्रवार और शनिवार की बीच रात को भारी बारिश हुई। जिसको लेकर भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने पिछले 24 घंटों में 114 मिमी बारिश दर्ज की।

आईएमडी ने अगले पांच दिनों के लिए मौसम के पूवार्नुमान को लेकर भी जानकारी दी है। जिसके मुताबिक अगले दो दिन होने वाली बारिश भारी भी पड़ सकती है। यानी रविवार और सोमवार को गरज के साथ बारिश हो सकती है। स्काईमेट मौसम वैज्ञानिक के मुताबिक 13 अक्टूबर तक हल्की बारिश जारी रहेगी, जिसके बाद मुंबई से मानसून के पीछे हटने की संभावना है। क्योंकि बंगाल की खाड़ी और महाराष्ट्र के तटीय क्षेत्र में लगातार दो कम दबाव के क्षेत्र हैं, जिसकी वजह से मुंबई और उत्तर पश्चिम भारत के कई हिस्सों में बारिश जारी है। आईएमडी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि हवा में नमी लगातार बरकरार है, जिसकी वजह से तापमान में कोई खास बढ़ोतरी नहीं हुई है।

## ब्रांड न्यू कार ने ऐसे ली एंट्री, पार्किंग में खड़ी बाइक को मारी टक्कर



**मुंबई,** मुबंई की सोसायटी से एक ब्रांड न्यू कार का वीडियो काफी वायरल हो रहा है, जहां एक न्यू कार पार्किंग में लाइन से खड़ी कई टू-व्हीलरों से टकरा गई। वायरल सीसीटीवी फुटेज की तारीख के मुताबिक ये घटना गुरुवार शाम की है। दरअसल, एक ब्रांड न्यू कार शो रूम से सोसायटी आती है। ऐसे में गार्ड गेट खोलता है और फूलों से सजी कार की एंट्री होती है। हालांकि जैसे ही रव्श कार की एंट्री होती है, कार अंदर आकर लाइन से खड़ी बाइकों से टकरा जाती है। इस दौरान कार का संतुलन बिगड़ जाता है और एक साइड स्लिप हो जाती है। ये पूरी घटना देख गेट पर खड़ा गार्ड और एक शख्स भागकर कार चालक की मदद करने आते है। अब ऐसे में ये पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई और सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। गौरतलब है कि यह वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर होने के तुरंद बाद वायरल हो गया। खबर लिखे जाने तक वीडियो को ट्विटर पर 2,680 रीट्वीट, 17,909 लाइक्स और 800,000 से अधिक बार देखा जा चुका है। वीडियो वायरल होने के बाद कमेंट सेक्शन में यूजर्स की प्रतिक्रियाओं का सैलाब उमड़ पड़ा। कुछ यूजर्स ने जहां दुर्घटना को दुखद बताया तो वहीं कुछ ने ड्राइवर का मजाक बनाया। जबकि कुछ और लोग ये जानने की कोशिश कर रहे हैं कि आखिर ये दुर्घटना कैसे हुई होगी। यूजर्स में से एक ने कहा, 'हमारे पास उचित ऑटोमैटिक्स की कमी है। डीएसजी और सीवीटी महंगे हैं। अधिकांश क्लचलेस वाहन, एएमटी, इंस्टेंट पिकअप इंजन के साथ होते हैं - नियंत्रण की कमी के लिए एक कंप्लीट नो है।

## ओला' व 'उबर' की तरह बेस्ट की इलेक्ट्रिक कैब!

**मुंबई,** 'ओला' व 'उबर' की तरह अब बेस्ट भी इको-फ्रेंडली इलेक्ट्रिक कैब लॉन्च करनेवाली है। बेस्ट की कैब शुरू होने से मुंबईकर ऑनलाइन बुकिंग करके उचित दरों पर वातानुकूलित यात्रा कर सकते हैं। बेस्ट के महाप्रबंधक लोकेश चंद्र ने बताया कि प्रस्ताव तैयार है और जल्द ही टेंडर प्रक्रिया शुरू की जाएगी। लोकल के बाद बेस्ट मुंबईकरों की दूसरी लाइफलाइन है। हर दिन ३२ लाख यात्री बेस्ट से सफर करते हैं। बेस्ट की इस निर्णय से ओला-उबर को सावधान होना पड़ेगा, क्योंकि ये इलेक्ट्रिक कैब ऐप कंपनियों को बेस्ट इको-फ्रेंडली स्पर्धा करेगी।

बता दें कि यात्रियों को गुणवत्तापूर्ण सेवाएं प्रदान करने के लिए बेस्ट प्रशासन इलेक्ट्रिक बसों, एसी बसों, डबल डेकर बसों की शुरूआत कर रहा है। इसी के तहत अब ठेकेदार के माध्यम से बेस्ट ई-कैब भी शुरू करने जा रही है। ये वैष्ठब 'राजस्व बंटवारे' के आधार पर चलाई जाएंगी। एजेंसी इलेक्ट्रिक कारों के साथ-साथ



ईंधन और ड्राइवर भी मुहैया कराएगी। प्रशासन की ओर से जानकारी दी गई कि इलेक्ट्रिक कैब सेवाएं देने के लिए मुंबई के विभिन्न हिस्सों में जगह तय की जाएगी।

बेस्ट की वैष्ठब बुकिंग 'ओला', 'उबर' की तरह ऑनलाइन की जा सकेगी। इसके लिए 'बेस्ट' ऐप का इस्तेमाल किया जा सकता है। इसके अलावा इस सेवा का भुगतान नकद और ऑनलाइन किया जा सकता है। दिलचस्प बात यह है कि अन्य मौजूदा ऑनलाइन सेवाओं की तुलना में 'सर्वश्रेष्ठ' वैष्ठब की दरें कम और उचित होंगी। यह पर्यावरण के अनुकूल होगा क्योंकि यह इलेक्ट्रिक है। साथ ही इलेक्ट्रिक कार होने कारण वाहन शोर नहीं मचाएगा इसलिए ध्वनि प्रदूषण भी कम होगा।

# हिंदी साप्ताहिक कदम कदम पर के 10 स्वर्णिम वर्ष



राजन शर्मा

आज से ठीक एक दशक पहले समाचार कदम कदम पर का मुंबई से प्रकाशन महज एक साप्ताहिक पत्र का विस्तार नहीं था अपितु सामाजिक सरोकार जनहित के उद्देश्य की गई एक पहल थी। जिसको अमलीजामा पहनाया अखबार के मालिक, मुद्रक, प्रकाशक एवं प्रधान संपादक श्री छोटे लाल शर्मा जी ने और यहीं से शुरू हुआ हिंदी साप्ताहिक कदम कदम पर का स्वर्णिम युग।

प्रधान संपादक छोटे लाल जी को 10 वर्ष की स्वर्णिम यात्रा के कुछ सुनहरे पलों पर प्रकाश डालने के लिए इसरार किया तो उन्होंने मजरुह सुलतानपुरी का शेर कहा-

'मैं अकेला ही चला था जानिब-ए मंजिल मगर,
लोग साथ आते गए और कारवां बनता गया'

अखबार के यहां तक के कामयाब कृतज्ञता का श्रेय उन्होंने पाठकों, शुभचिंतकों और विज्ञापनदाताओं को दिया। उन्होंने बताया उनके पाठकों ने कदम कदम परिवार के जज्बे को बरकरार रखा। हर उतार-चढ़ाव में साथ खड़े रहे और कभी मनोबल गिरने नहीं दिया।

आज हजारों की संख्या में कदम कदम के रजिस्टर्ड पाठक और आजीवन सदस्य हैं। कदम कदम पर अपने पाठकों के विचारों और उनके पक्ष को अखबार के पन्नों पर जगह देता है। छोटे-बड़े कार्यक्रमों की तस्वीरें प्रकाशित कर अपने पाठकों और शुभचिंतकों का मनोबल बढ़ाता है। यही कारण है कि आज कदम कदम अपने पाठकों की आवाज बनकर उभरा है।

प्रधान संपादक ने बताया अखबार में खेलकूद, अर्थव्यवस्था, भ्रमित और साम्प्रदायिकता को भड़काने वाली खबरों का अभाव रहता है परन्तु ज्ञान कौशल, सामाजिक सरोकार, एहतियात और विचार अखबार के पन्नों पर स्पष्ट दिखता है।

यह कहना गलत ना होगा आज हिंदी साप्ताहिक कदम कदम पर सामाजिक सरोकार को नया आयाम दे रहा है। कदम कदम आज भी उन्हीं सरोकारों पर कायम है जिसे लेकर उसने अपनी शुरूआत की थी।

कदम कदम परिवार समाचार पत्र के 10 स्वर्णिम वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में अपने पाठकों शुभचिंतकों को मुबारकबाद देता है।

# मुंबई पुलिस के 40% कर्मचारी बीमार!

## मजबूरी में लेनी पड़ रही है दवाइयां, तनाव ने किया त्रस्त



**मुंबई:** त्योहारों का मौसम इन दिनों चल रहा है। रैलियां हो रही हैं और कुछ महीने बाद बीएमसी चुनाव भी होने हैं। हर वक्त पूरे शहर में कभी यहां, तो कभी वहां बंदोबस्त का टेंशन रहता ही रहता है। इस वजह से मुंबई पुलिस कर्मी भी जबरदस्त मेंटल स्ट्रेस में रहते हैं- खासतौर से सिपाही। इसका उनकी हेल्थ पर बुरा असर पड़ रहा है। एनबीटी ने मुंबई पुलिस में कुछ अलग-अलग लोगों से बात की। उनका कहना है कि मुंबई पुलिस में औसतन 40 प्रतिशत लोग किसी न किसी तरह की मेडिसिन लेते ही हैं। इसी मेंटल स्ट्रेस की वजह से किसी को ब्लड शुगर है, तो किसी को अन्य तरह की और बीमारियां।

एक सिपाही ने कहा कि हम लोगों के साथ दिक्कत है कि हम लोग ठीक से सो नहीं पाते। जब जगते हैं, तो फिर ड्यूटी पर भागते हैं। परिवार के लिए हमारे पास वक्त नहीं है। जब वक्त नहीं है, तो बच्चों की परवरिश नहीं कर पाते। बच्चों को लेकर जो और लोग बड़े-बड़े सपने देखते हैं, वह हम लोग नहीं देख पाते, क्योंकि हमारे पास बच्चों के लिए वक्त नहीं है। इस वजह से काम के अलावा बाद में हमारा परिवार को लेकर स्ट्रेस बढ़ जाता है।

जब दत्ता पडसलगीकर मुंबई के पुलिस कमिश्नर थे, तो पुलिस सिपाही रवींद्र पाटील ने सिपाहियों के लिए 8 घंटे की ड्यूटी का प्रॉजेक्ट बनाकर पडसलगीकर को सौंपा था। उन्होंने इस प्रॉजेक्ट को हरी झंडी दे दी। कुछ साल तक सिपाहियों के लिए आठ घंटे की ड्यूटी लागू भी हुई। फिर कोरोना शुरू हो गया और 8 घंटे की ड्यूटी फिर से 12 घंटे की हो गई।

जब संजय पांडेय मुंबई के पुलिस कमिश्नर बने, तो उन्होंने आठ घंटे की ड्यूटी को फिर लागू करने का फैसला किया, पर मुंबई पुलिस के एक सिपाही का दावा है कि मुंबई के 50 प्रतिशत से ज्यादा पुलिस स्टेशनों में अब भी 12 घंटे की ड्यूटी चल रही है। सिपाही को घर पहुंचने और घर से पुलिस स्टेशन आने में भी दो से तीन घंटे लग ही जाते हैं। इसीलिए सात घंटे की जरूरी नींद वह कभी पूरी नहीं कर पाता।

एक पुलिस सिपाही के अनुसार, क्राइम ब्रांच में थोड़ी राहत है। वहां आठ से दस घंटे से ज्यादा की ड्यूटी नहीं होती। सीनियर इंस्पेक्टर सुबह 11 बजे तक आता है और शाम को 7 या अधिक से अधिक आठ बजे तक घर चला जाता है। उसके साथ ही ज्यादातर स्टाफ चला जाता है। सिर्फ दो-तीन सिपाही ही नाइट ड्यूटी में रहते हैं। क्राइम ब्रांच का मूल काम इन्वेस्टिगेशन का है, जबकि पुलिस स्टेशन में इन्वेस्टिगेशन के साथ लॉ ऐंड ऑर्डर भी देखना होता है।

## कार में चार्जर लगा रहा था आरोपी, बांद्रा-वर्ली सीलिंक पर हादसे की बड़ी वजह?

**मुंबई:** मुंबई के बांद्रा वर्ली सीलिंक पर मंगलवार की आधी रात हुए सड़क हादसे में मारे गए लोगों के परिवार वालों की आंख से आंसू नहीं सूखे हैं। आरोपी के वकील के बताया कि हादसे के समय उसका क्लाइंट कार में चार्जर लगा रहा था। इस दुर्घटना में 5 लोगों को अपनी जान गंवानी पड़ी थी जबकि 13 लोग घायल हुए थे। इस मामले में पुलिस ने इरफान अब्दुल रहीम बिलकिया को गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया था। पुलिस ने इस मामले में बिलकिया को आईपीसी की धारा 304(`) और 304 (2) के तहत गिरफ्तार किया था। इसके अलावा उस पर मोटर व्हीकल एक्ट के तहत रैश ड्राइविंग की भी धारा लगाई गई है।



बिलकिया पर आरोप है कि उसकी कार ने एक स्विफ्ट कार (जो टायर फटने की वजह से पहले से ही खड़ी थी) को टक्कर मारी थी। जिसकी वजह से दो अन्य कार आपस में टकराई। जिसमें से एक बलेनो और एक मर्सिडीज थी। इसी वजह से स्विफ्ट कार में फंसे लोगों की समय पर मदद नहीं हो पाई। बिलकिया के वकील विक्रम चव्हाण ने अदालत से कहा कि पुलिस ने उस उसके क्लाइंट पर गैर इरादतन हत्या का गलत मामला दर्ज किया है। बिलकिया का न तो कोई ऐसा इरादा था और न ही उसे सीलिंग पर हुई इस दुर्घटना का पहले से कोई अंदाजा था।

बिलकिया के वकील ने कहा कि अगर सीलिंग पर पहले से एक कार दुर्घटनाग्रस्त है। तब संबंधित अथॉरिटी को उस जगह पर बैरिकेडिंग करनी चाहिए थी लेकिन ऐसा कुछ भी नहीं किया गया था। यह सब कुछ बिल्कुल बीच सड़क पर था। एडवोकेट चव्हाण ने कहा कि मेरा क्लाइंट हाई डायबिटीज का मरीज है और वह भी इस दुर्घटना का शिकार है। इस दुर्घटना में उसका भी एक हाथ फ्रैक्चर हुआ है। अगर उसे तुरंत मेडिकल हेल्प नहीं दी गई तो उसे गैंग्रीन भी हो सकता है क्योंकि उसके शरीर में कांच के टुकड़े अभी भी हैं।

## बांद्रा वर्ली सी लिंक पर फिर से हुई दुर्घटना, पीछे से एक कार ने दूसरे को ऐसी मारी

**मुंबई,** बांद्रा वर्ली सी लिंक पर एक बड़ी दुर्घटना के महज तीन दिन बाद शनिवार सुबह इसी सड़क पर एक और दुर्घटना हुई। हालांकि इस बार गनीमत यह रही कि इस हादसे में किसी की मौत नहीं हुई और न ही कोई बहुत गंभीर रुप से जख्मी हुआ है। मालूम हो कि बुधवार तड़के बांद्रा-वर्ली सी लिंक पर हुए सड़क हादसे में पांच लोगों की मौत हो गई थी और नौ घायल हुए थे। बांद्रा पुलिस अधिकारियों के मुताबिक, दरअसल, एक कैब (वैगन आर) को जब एक बलेनो कार ने पीछे से आकर टक्कर मार दी, तो यह पलट गई। बांद्रा पुलिस स्टेशन के वरिष्ठ निरीक्षक राजेश देवारे ने इस घटना की पुष्टि की है। पुलिस के मुताबिक, बलेनो कार उस वक्त कैब से जा टकराई जब कैब चालक लेन बदल रहा था। दुर्घटना के वक्त कैब में दो लोग सवार थे। हालांकि, इनमें से किसी को भी गंभीर चोटें नहीं आई हैं। घटना देर रात दो बजे टोल प्लाजा से कुछ सौ मीटर की दूरी पर हुई है। घटना की सूचना मिलते ही टोल प्लाजा के कर्मी और पुलिस तुरंत मौके पर पहुंचे।

## बीमा के 50 लाख हड़पने के लिए पति-पत्नी ने रची साजिश

**मुंबई,** मुंबई की दिंडोशी पुलिस ने धोखाधड़ी और जालसाजी के लिए पति-पत्नी के एक जोड़े को गिरफ्तार किया है। इस मामले में पत्नी ने बीमा के 50 लाख हड़पने के लिए पति की मौत की झूठी कहानी बनाई। लेकिन बीमा कंपनी ने जब इसकी जांच की तो सच्चाई सबके सामने आ गई।




मालूम हो कि इस साल 25 जनवरी को 36 साल के प्रकाश माने ने एक बीमा पालिसी में अपना पैसा लगाया था, जिसके तहत अगर उसकी मौत हो जाती है तो उसके परिवार को 25 लाख रुपये और दुर्घटनावश मृत्यु होने की स्थिति में अतिरिक्त 25 लाख रुपये के मिलने का प्रावधान है। प्रकाश ने इस पालिसी में अपनी पत्नी को नामिनी बनाया था।

पुलिस के मुताबिक, बीमा लेने के महज तीन महीने बाद प्रकाश की पत्नी ने कंपनी को बताया कि 6 मार्च को उसके पति की एक दुर्घटना में मौत हो गई है और इसके दस दिन बाद उसने बीमा की तय राशि मिलने का क्लेम किया।

## शरद पवार के बयान पर शाहनवाज हुसैन बोले, बालीवुड को हिंदू-मुसलमान के चश्मे से न देखें

**मुंबई,** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष शरद पवार ने कहा है कि बालीवुड में सबसे ज्यादा योगदान मुस्लिमों का है। उनके इस बयान को लेकर भारतीय जनता पार्टी (इखढ) को उन पर निशाना साधने का मौका मिल गया है। भाजपा कह रही है कि पवार चुनावी फायदे के लिए इस प्रकार के बयान दे रहे हैं। वह बालीवुड का सांप्रदायीकरण करना चाहते हैं। यह दुर्भाग्यपूर्ण है।

शनिवार को शरद पवार ने विदर्भ मुस्लिम इंटलेक्चुअल फोरम के एक कार्यक्रम में कहा कि आज देश में कला, काव्य और लेखन में योगदान करने की सबसे ज्यादा ताकत मुस्लिमों व उर्दू भाषा में है। बालीवुड में सबसे ज्यादा योगदान मुस्लिमों ने किया है। इस समुदाय में गुणवत्ता और दक्षता है, लेकिन उसे सहयोग और समान अवसर की जरूरत है। बाद में पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए पवार ने यह भी कहा कि उनकी पार्टी ने मुस्लिमों को सबसे ज्यादा अवसर दिए हैं। उनकी पार्टी के आठ सांसदों में दो मुस्लिम समुदाय से हैं।

उधर, मुस्लिमों पर दिए गए इस बयान के कारण भाजपा को शरद पवार पर हमलावर होने का मौका मिल गया है। भाजपा नेता शाहनवाज हुसैन ने कहा है कि अब पवार बालीवुड को भी हिंदू-मुसलमान के चश्मे से देख रहे हैं। वह तो अभिनय का क्षेत्र है। उसे भी यदि हिंदू-मुसलमान के चश्मे से देखा जाने लगेगा या उसे किसी एक समाज की उपलब्धि बताया जाने लगेगा तो इस क्षेत्र में काम करने वालों और देखने वालों, दोनों के लिए दिक्कत पैदा होगी। इस तरह का बयान बालीवुड का भी सांप्रदायीकरण कर देगा।



मुंबई के भाजपा विधायक राम कदम ने भी पवार के बयान पर उनकी कड़ी आलोचना की। कहा- शरद पवार बालीवुड में किसी समुदाय का विशेष योगदान बताकर कहना क्या चाहते हैं? इस उद्योग में अमिताभ बच्चन, राजेश खन्ना, जीतेंद्र समेत कई हस्तियों ने अपना पूरा जीवन फिल्म उद्योग में लगा दिया, आप उनकी तपस्या को कैसे भुला सकते हैं? शरद पवार यह कैसे भूल गए कि इस फिल्म उद्योग का आरंभ हमारे दादा साहब फालके ने किया था। उनका यह बयान दर्शाता है कि चुनावी राजनीति के लिए वह बालीवुड को भी टुकड़ों-टुकड़ों में बांट देना चाहते हैं।

शरद पवार के बयानों में अक्सर यह शिकायत नजर आती है कि देश में मुस्लिम समुदाय के साथ न्याय नहीं हो रहा है। 2008 में मालेगांव में दूसरी बार हुए विस्फोटों के तुरंत बाद अपनी पार्टी के एक अधिवेशन में शरद पवार ने कहा था कि ऐसी घटनाओं के बाद पुलिस को किसी समुदाय पर एकतरफा कार्रवाई करने के बजाय दूसरे पक्षों पर भी नजर दौड़ानी चाहिए। उनके इसी बयान के बाद महाराष्ट्र की तत्कालीन कांग्रेस-राकांपा सरकार ने साध्वी प्रज्ञा व कर्नल पुरोहित सहित कई हिंदुओं को इस मामले में आरोपित बना दिया था। कुछ वर्ष बाद इस मामले की जांच एनआइए के हाथ में पहुंचने के बाद उस समय की गई महाराष्ट्र एटीएस की जांच पर भी कई सवाल खड़े हो चुके हैं।

# ट्रेनों में नहीं मिल रहे कंफर्म टिकट

## दिल्ली - मुंबई रूट के यात्रियों को ज्यादा दिक्कत

**मुंबई,** रेल प्रशासन ने यात्रियों को राहत देने के लिए कई ट्रेनों में कोच तो कुछ को फेस्टिवल स्पेशल बनाकर चलाने की घोषणा की है, लेकिन इससे कोई विशेष राहत नहीं मिलती दिख रही है। दिल्ली और मुंबई रूट के यात्रियों को सबसे ज्यादा परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।





शुक्रवार की शाम पांच बजे तक की स्थिति देखें तो वाराणसी से मुंबई जाने वाली एलटीटी एक्सप्रेस में 10 अक्तूबर को 46, 11 को 36, 12 को 18, 13 को 20, 14 को 21, 15 को 26 वेटिंग है। इसी तरह बनारस जंक्शन से मुंबई जानी वाली महानगरी एक्सप्रेस में 10 को 62, 11 को 52, 12 को 49, 13 को 25, 14 को 47, 15 को 47 वेटिंग है। जबकि कामायनी एक्सप्रेस में 10 को 141, 11 को 80, 12 को 62, 13 को 38, 14 को 43, 15 को 47 वेटिंग दिख रहा है। इसी तरह वाराणसी से दिल्ली जाने वाली वंदे भारत एक्सप्रेस में 9 को 104, हालांकि 15 अक्तूबर तक 500 से अधिक सीट उपलब्ध है।

# बिजली उत्पादन स्टेशन पर विस्फोट, एक की मौत, दो अन्य घायल

**ठाणे,** उरण में स्थित एक बिजली उत्पादन स्टेशन पर विस्फोट हुआ है। स्टेशन नवी मुंबई इलाके में है। हादसे में तीन लोग घायल हो गए थे। घायलों को स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। इलाज के दौरान एक की मौत हो गई। दो का इलाज चल रहा है। विस्फोट में एक जूनियर इंजीनियर विवेक धूमले की इलाज के दौरान मौत हो गई है।

पुलिस के मुताबिक, मुंबई से 48 किलोमीटर दूर उरन में स्थित गैस टर्बाइन ऊर्जा स्टेशन के ब्वायलर के पंप में यह विस्फोट हुआ। उसमें शाम सवा चार बजे करीब आग लग गई। एक कनीय अभियंता समेत तीन लोग गंभीर रूप से झुलस गए, जिसके बाद उन्हें अस्पताल ले जाया गया। घायलों में से एक को मृत घोषित कर दिया गया। विस्फोट के कारणों का पता अभी तक नहीं चल सका है।

### पानी से भरी खदान में दो किशोर डूबे

**ठाणे,** ठाणे जिले के डोंबिवली कस्बे में पानी से भरी खदान में दो लड़के डूब गए। ठाणे नगर निगम के क्षेत्रीय आपदा प्रबंधन प्रकोष्ठ (आरडीएमसी) के प्रमुख अविनाश सावंत ने कहा कि घटना दोपहर में बोपर गांव में एक खदान में हुई, जब लड़के साइकिल की सवारी कर रहे थे और अपना संतुलन खो बैठे और पानी में गिर गए।

उन्होंने कहा कि शुरू में आसपास मौजूद अन्य बच्चों ने दोनों को बचाने की कोशिश की, लेकिन जल्द ही उन्होंने शोर मचा दिया और दमकलकर्मी मौके पर पहुंच गए। अधिकारी ने बताया कि अहिरे गांव निवासी आयुष मोहन गुप्ता (14) और अंकुश मिलिंद केदारे (13) के शवों को बाहर निकाल कर पोस्टमार्टम के लिए सरकारी अस्पताल भेज दिया गया है। इस संबंध में दुर्घटनावश मौत का मामला दर्ज किया गया है।

# 'ईडी सरकार जानबूझकर टाल रही है मनपा चुनाव!'

## - नेता प्रतिपक्ष अजीत पवार

**मुंबई,** राज्य की 'ईडी' सरकार मुंबई मनपा सहित राज्य की सभी महापालिकाओं और जिला परिषदों के चुनाव जानबूझकर टाल रही है। इन चुनावों के टालने का कोई कारण नहीं दिखाई दे रहा है। यह बात नेता प्रतिपक्ष अजीत पवार ने कही है। राज्य में मध्यावधि चुनाव की संभावना से इंकार करते हुए अजीत पवार ने कहा कि विधायकों को चुनाव खर्च उठाना भारी है।



हाल ही में पालक मंत्री चंद्रकांत पाटील ने विवादास्पद बयान दिया था। उन्होंने कहा था कि माता-पिता को गाली दी तो चलेगा, इस बयान का मतलब 'विनाश काले विपरीत बुद्धि' ऐसी टिप्पणी अजीत पवार ने पिंपरी में मीडिया से बात करते हुए की। उन्होंने कहा कि माता- पिता को गाली देना अपनी संस्कृति नहीं है। विधान सभा का मध्यावधि चुनाव के बारे पूछे गए सवाल पर पवार ने कहा कि दो वर्ष कोरोना में चला गया, अब धीरे-धीरे काम शुरू हुआ है, चुनाव में कितना खर्च लगता है, यह विधायकों को मालूम है। यह सरकार अपना कार्यकाल पूरा करेगी।

अंधेरी विधान सभा का उपचुनाव घोषित किया जा रहा है, अवधि समाप्त हुए जिला परिषद, नगरपालिका, महापालिका का भी चुनाव कराना चाहिए लेकिन सरकार जानबूझकर चुनाव टाल रही है। ऐसा अजीत पवार ने कहा। चंद्रकांत पाटील के बयान पर पवार ने कहा कि किसी को भी किसी का अपमान नहीं करना चाहिए। ऐसा अपमान करके बेरोजगारी और महंगाई जैसी समस्याओं का हल होगा क्या? पालक मंत्री के पद पर बैठे व्यक्ति को इस तरह का बेतुका बयान देना गलत है।

पाटील को उनकी इच्छा के अनुसार मंत्री पद नहीं दिया गया था, इसलिए वे नाराज हैं। इस कारण वे इस तरह के बयान दे रहे हैं। ऐसी टिप्पणी भी पवार ने की। भाजपा के १०५ विधायक चुनकर आने के बाद भी भाजपा ने सरकार नहीं बनाई और बाद में अनैतिक तरीकों से सरकार बनाने की कोशिश कर रही थी। महाविकास आघाडी सरकार गिराने के लिए बड़ी शक्ति कार्यरत थी। वो शक्ति साथ थी, इसलिए शिंदे ने इतनी बड़ी हिम्मत की। ऐसा अजीत पवार ने कहा।

शरद पवार के घर पर हमला करनेवाले एसटी कामगारों के निलंबन वापस लेने के बारे में पत्रकारों द्वारा पूछे गए सवाल जवाब में पवार ने कहा कि शिंदे-फडणवीस सरकार से दूसरी अपेक्षा कर सकते हैं क्या? नासिक बस दुर्घटना में मरनेवाले परिवार वालों को पांच लाख रुपए की मदद मुख्यमंत्री ने घोषित की। यह मदद अत्यंत कम है, दही-हंडी के गोविंदा को १० लाख की मदद जाती है। मदद देने में भेदभाव मत करो, नासिक दुर्घटना में शिकार हुए निष्पाप नागरिकों का कोई दोष नहीं है, ऐसा अजीत पवार ने कहा।

# शहनाज गिल के पिता को धमकी



**मुंबई,** पंजाबी कलाकारों को जान से मारने की धमकियां मिलने का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। जहां बॉलीवुड अभिनेता और अभिनेत्रियों के बाद अब उनके परिवार के लोगों को धमकी भरे फोन आने शुरू हो गए हैं। बिग बॉस कंटेस्टेंट रह चुकी अभिनेत्री और पंजाबी सिंगर शहनाज गिल के पिता संतोख सिंह को जान से मारने की धमकी मिली है। बताया जा रहा है कि शहनाज के पिता को फोन किसी विदेशी नंबर से आया था। फोन करने वाले ने उन्हें दिवाली से पहले घर में घुसकर जान से मारने की धमकी दी है। फिलहाल इसकी शिकायत संतोख ने पुलिस में कर दी है। एसएसपी स्वप्ना शर्मा ने कहा कि संतोख सिंह से सभी सबूत ले लिए गए हैं। हम मामले की अच्छी तरह से जांच कर रहे हैं। एसएसपी ने जब संतोख गिल से पूछताछ की तो उन्होंने बताया कि वह किसी काम से तरनतारन जा रहे थे। इस बीच उनके मोबाइल पर किसी अज्ञात नंबर से फोन आया। कॉल करनेवाले ने उन्हें धमकाया कि वह उन्हें इस दिवाली से पहले जान से मार देगा। यही नहीं उसने कहा कि वह उन्हें गोली नहीं मारेगा, बल्कि दिल के टुकड़े-टुकड़े करके मारेगा।







२ अक्टूबर गांधी जयंती के अवसर पर एड. शंकर शर्मा (रीवा) पत्रकार अमर उजाला को चुनार ओलम्पिक एवं चुनाव साहित्य परिषद द्वारा स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।




शाह टेलरिंग मटेरियल के उद्घाटन पर संतोष पासलकर ने अली भाई को पुष्पगुच्छ देकर बधाई दी।

# मनपा का ब्यूटी प्लान!...30 करोड़ में होगा प्रत्येक वॉर्ड का सौंदर्यीकरण

**मुंबई :** महाविकास आघाड़ी सरकार के दौरान तत्कालीन पर्यावरण मंत्री आदित्य ठाकरे ने मुंबई की सुंदरता को बढ़ाने पर जोर दिया था। मुंबई की सुंदरता को नई पद्धति से खूबसूरत बनाने के लिए उन्होंने टैक्टिकल अर्बनिजम का कॉन्सेप्ट लाया था। भारत में इस प्रकार का कॉन्सेप्ट पहली बार लाया गया और उसका असर भी दिखा। मुंबई के दादर, वर्ली, महालक्ष्मी जैसे कई इलाकों में सड़कों के आस-पास के क्षेत्र को सामरिक रूप से विकसित किया गया, जो वाकई में काफी बेहतरीन दिखता है। इस योजना के तहत बचे हुए कार्यों को पूरा करने के लिए मनपा ने ब्यूटी प्लान तैयार किया है। इस प्लान के अंतर्गत पहले ही प्रत्येक वॉर्ड कार्यालय को उनके क्षेत्र में सौंदर्यीकरण कार्य के लिए २०.५ करोड़ आवंटित किया है। अब उन्हें अतिरिक्त १० करोड़ रुपए देने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई है। इस १० करोड़ रुपए की राशि को वॉर्ड अधिकारी बचे हुए सौंदर्यीकरण



परियोजना को तेज गति से पूरा करने के लिए खर्च करेंगे। दिसंबर २०२२ तक यह काम पूरा करना है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार मनपा वॉर्ड कार्यालय ये १० करोड़ रुपए क्षेत्र में जरूरत के अनुसार खर्च कर सकेंगे। जहां भी सड़क दुरुस्तीकरण, डिवाइडर विकास एवं पेंटिंग, बाग-बगीचे, लाइटिंग, स्ट्रीट फर्नीचर, आधुनिक सिग्नल, पुलों की पेंटिग, उसके नीचे के भाग की स्वच्छता एवं सौंदर्यीकरण के लिए निधि की आवश्यकता होगी, वहां ये १० करोड़ रुपए की निधि खर्च की जा सकेगी। इसका अधिकार वॉर्ड कार्यालय के मुख्य अधिकारी को होगा। मनपा वॉर्ड कार्यालयों को पहले भी सौंदर्यीकरण के लिए २०.५ करोड़ रुपए आवंटित किए गए हैं। अब इस प्रोजेक्ट के लिए कुल ३० करोड रुपए खर्च किए जाएंगे। पहले आवंटित २०.५ करोड़ रुपए को खर्च करने के लिए बंदिशें हैं, उसमें उन्हें ६.५ करोड़ रुपए रोड के डिवाइडर को बनाने, पेंटिंग, गार्डनिंग के लिए खर्च करने होंगे तो ४.५ करोड़ रुपए फुटपाथ के सौंदर्यीकरण, ५ करोड़ रुपए फुटपाथ के चौड़ीकरण के लिए, ३.५० करोड़ रुपए सड़कों के किनारे फर्नीचर, टैक्टिकल अर्बनिजम के तहत विकास, लाइटिंग, फुलवारी, मूर्ति आदि के लिए, वॉर्ड में पुलों की पेंटिंग और दुरुस्तीकरण के लिए तो ७५ लाख रुपए, पुलों के नीचे और आस-पास की सड़कों की पेंटिंग के लिए खर्च करने का प्रावधान है।

पूर्व पर्यावरण मंत्री व युवासेनाप्रमुख आदित्य ठाकरे ने टैक्टिकल अर्बनिजम कॉन्सेप्ट को यहां लाया था। कुछ जगहों पर इस पद्धति से हुए सामरिक विकास का परिणाम भी लोगों को दिख रहा था। इससे मुंबई के विकास की सुंदरता और स्वच्छता को रफ्तार मिली थी। लोगों को पिछली सरकार के कार्यकाल में हो रहे सौंदर्यीकरण कार्य भी खूब पसंद आ रहे थे। पूर्व उप मुख्यमंत्री व मौजूदा विधानसभा में विपक्ष के नेता अजीत पवार सहित कई बड़े नेताओं ने पूर्व पर्यावरण मंत्री आदित्य ठाकरे के इस कार्य की जमकर सराहना की थी और अन्य राज्यों के प्रतिनिधि इसे देखने भी आए थे। सरकार बदलने के बाद इस परियोजना के बहुत से काम को रोक दिया गया, इससे जुड़े अधिकारी ट्रांसफर कर दिए गए।

# सीट को लेकर मुंबई लोकल में भिड़ गईं महिलाएं, एक-दूसरे को जमकर कूटा, एक महिला पुलिसकर्मी घायल...

**ठाणे :** ठाणे से पनवेल जा रही एक लोकल ट्रेन में सीट को लेकर कुछ महिलाओं में विवाद होने का मामला सामने आया है। इसका एक वीडियो भी इंटरनेट पर वायरल हो रहा है। इस वीडियो में देखा जा सकता है कि तीन महिलाएं एक दूसरे से हाथापाई करती दिख रही हैं। वहीं, इस मारपीट में एक महिला पुलिसकर्मी भी घायल हो गई है। मिली जानकारी के मुताबिक, नवी मुंबई के तुर्भे स्टेशन पर एक लोकल ट्रेन में सीट को लेकर दो महिला यात्रियों में विवाद हो गया।



इसके कुछ देर बाद मामला इस कदर बढ़ गया कि महिलाओं में मारपीट शुरू हो गई। बताया जा रहा है कि इस मामले में एक महिला पुलिसकर्मी घायल भी हो गई है। वीडियो में देखा जा सकता है कि एक महिला पर बच्चे को जबरन खड़ा करके सीट पर बैठने का आरोप लगाते हुए दूसरी महिला उसे जमकर पीट रही है। इतना ही नहीं जब अन्य महिला यात्री उसे मना करते हैं तो भी वह नहीं मानती। दोनों की मारपीट में पीछे से कुछ लोग यह भी कह रहे हैं कि 'वह पुलिसवाली है।' इस मामले में दोनों महिलाओं ने एक दूसरे के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। इस मामले में वाशी रेलवे स्टेशन के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक एस कटारे ने जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सीट को लेकर शुरू हुए विवाद में कुछ महिलाओं ने मारपीट हो गई थी। इस मारपीट में एक महिला पुलिसकर्मी भी घायल भी हो गई है। उसका इलाज कराया गया है।


## कदम कदम पर
## कैलेण्डर 2023



## विज्ञापन दर

| | |
|---|---|
| विजिटिंग कार्ड साईज<br>विजिटिंग कार्ड साईज | : प्रति माह 2000/-<br>:12 माह 20000/- |
| डबल वि. कार्ड साईज<br>विजिटिंग कार्ड साईज | : प्रति माह 3000/-<br>: 12 माह 30000/- |

कैलेंडर हेतु विज्ञापन की अंतिम तिथि 30 नवंबर 2022

संपादक - छोटेलाल शर्मा

मो.:09819862172

प्रबंध संपादक - अनिल शर्मा

मो.:09833329721

नोट :चेक, डीडी. 'कदम कदम पर' के नाम से जारी करें.

**Email : kadamkadampar1@gmail.com**

**A/c Name :** Kadam Kadam Par
Branch : Kanjurmarg (East), Mumbai - 78.
Bank of Maharashtra Kanjur Marg (W)
A/c No. : 60342646436
IFC Code : MAHB0000397




# कुलाबा में रामलीला सेवा केंद्र द्वारा रामलीला का आयोजन

**मुंबई,** कुलाबा. रामलीला सेवा केंद्र द्वारा क्रॉस मैदान में पिछले कई वर्षो से रामलीला का आयोजन किया जा रहा और इस वर्ष भी बड़ी धूम धाम से किया गया और दर्शको ने पसन्द भी किया बहुत भरी संख्या में दर्शको ने रामलीला का आनंद लिया और संचालन करने और अपने अभिनय से सभी दर्शको को खुश करने वाले कलाकारों को बहुत शुभ कामनाएं दी और कहा की अगर कही अच्छी तरह सास्कृतिक रामलीला होती है तो केवल रामलीला सेवा केंद्र



में इस अवसर पर रामलीला सेवा केंद्र के चेयरमैन श्री राज. के पुरोहित जी, वाइस चेयरमैन श्री ठाकुर मनोज सिंह जी भारतीय जनता पार्टी झारखण्ड सेल के अध्यक्ष भी है साथ ही मंच पर रहे जयराज सिंह जी, जगदीश तिवारी जी, संतोष तिवारी जी, संतोष शर्मा जी, नत्थूलाल चौरसिया जी, रवि



मिश्रा जी, हरीश तिवारी जी, विजय सिंह जी, जोखुराम जी, बबन सिंह जी और तमाम कार्यकर्त्ता सहयोगीगण कर्यक्रम को सफल और कलाकारों को रूप सज्जा देने के लिए सभी लोगो ने नत्थूलाल चौरसिया जी का बहुत आभार व्यक्त किया विशेष सहयोग रहा माली डेकोरेटर्स का और रामलीला में अपने प्रतिभा और कौशल का परिचय दे रहे तमाम कलाकारों का दर्शको चाहते है इसी तरह हर साल रामलीला का आयोजन होता रहे और हमारे आने वाली पीढ़ी का भारतीय संस्कृति रामलीला द्वारा जानकारी मिलती रहे इस अवसर ठाकुर मनोज सिंह ने कहा हम रहे न रहे पर रामलीला का मंचन हमेशा चलता रहेगा यह सब सुनकर दर्शक और मंच पर विराजमान सभी लोग खुशी के साथ ठाकुर जी का स्वागत किया.

# सीडीओ श्रीलक्ष्मी बीएस ने एडीएम अपर संग सीखड़ पहुंचकर जैविक खेती की ली जानकारी

**मीरजापुर,** सीखड मीरजापुर जनपद की मुख्य विकास अधिकारी श्रीलक्ष्मी वी एस, एडीएम अपर शिवप्रताप शुक्ला, एसडीएम चुनार नीरज प्रसाद पटेल, कृषि उप निदेशक अशोक उपाध्याय और अन्य प्रमुख अधिकारियों ने नवचेतना कृषक उत्पादक संगठन विठठलपुर सीखड केंद्र पर भ्रमण किया और जैविक खेती, प्राकृतिक खेती, वृक्षारोपण नर्सरी के कार्यक्रमों के विषय में जानकारी प्राप्त किया। नवचेतना के मुकेश पाण्डेय (सी.ईओ.) जी ने कहा



कि हम अपने एफपीओ के राजस्व मॉडल में विश्वास करते हैं, इसलिए नवचेतना के पास सामाजिक उद्यमिता की बहुत स्पष्ट अवधारणा है जहां हमारे शेयरधारकों को एफपीओ संसाधनों से लाभ मिल सकता है, उसी के बाद हमने कृषि उपकरणों के लिए योजना बनाई है जहां हमारे शेयरधारकों को मौजूदा और नवीनतम कृषि उपकरण की सेवाएं उचित मूल्य पर मिल सकती हैं साथ ही साथ किसान दक्षता में वृद्धि करेंगी और एफपीओ के लिए राजस्व उत्पन्न करेंगी। जिस दौरान नवचेतना एफपीओ के बीज विधायन संयत्र के शुभारंभ पर भी चर्चा हुआ।

इस अवसर पर जिले के अन्य आला अधिकारी, तथा नवचेतना कृषक संघ के निदेशक मंडल, और शेयरधारक उपस्थित रहे।

# उत्तर प्रदेश बसपा के वरिष्ठ नेता गौरव नंद सड़क हादसे में बाल-बाल बचे

**दिल्ली संवाददाता, केकेपी**

दिल्लीः बीती रात अपनी एक विशेष यात्रा पर दिल्ली जा रहे बसपा के वरिष्ठ नेता गौरव नंद की गाड़ी का नोएडा के निकट एक सड़क हादसा हो गया जिसमें एक सहयोगी सहित ड्राइवर बाल-बाल बच गए।

बता दें कि कल देर रात मैनपुरी से दिल्ली जा रहे गौरव नंद की गाड़ी का दूसरी ओर ऑपोजिट साइड (रॉन्ग साइड) से आ रही एक तेज गाड़ी को बचाने के चक्कर में उनकी गाड़ी का संतुलन बिगड़ा जिसके चलते सड़क के किनारे खड़े पेड़ और खंभे से जा



टकराई। जिसमें उनके साथ बैठे एक सहयोगी और ड्राइवर इंजरी आई।

लोगों की सहायता से उन्हें चिकित्सा हेतु प्राथमिक उपचार केंद्र में लाया गया खबर लिखे जाने तक सभी की हालत में सुधार था।

सुबह तड़के घटना की जानकारी मिलते ही गौरव नंद जी के शुभचिंतकों में मायूसी की लहर छा गई। जैसे-जैसे समय बीतता गया सोशल मीडिया पर गौरव नंद का अपने शुभचिंतकों के लिए एक मैसेज आया सभी खतरे से बाहर और हालत में सुधार हैं आप सभी निश्चिंत रहें।आप सभी के स्नेह और आशीर्वाद से हम सभी को दूसरा जन्म मिला,आप सभी की दुआओं के लिए बहुत-बहुत आभार धन्यवाद!

**(फोटो में एक्सीडेंट गाड़ी का मुआयना करते हुए गौरव नंद)**

# बाईक-ट्रैक्टर ट्राली भिड़ंत से सीखड़ के दो युवकों की मृत्यु







**मुंबई,** चुनार कोतवाली अंतर्गत राज्य मार्ग संख्या 74 पर खानपुर और मुंदिपुर के बीच में भस्सी लदी ट्रैक्टर ट्राली खराब होकर खड़ी थी। राहगीरों ने बताया कि चालक ट्रैक्टर ट्राली की टूटी बैरिंग को ठीक कर रहा था। सीखड़ गांव के दो युवक वाराणसी से शादी की खरीददारी कर वापस लौट रहे थे कि एकाएक बीच सड़क पर खड़ी ट्रैक्टर ट्राली में जाकर भिड़ गए और गंभीर रूप से घायल हो गए। ट्रैक्टर चालक यह देखकर भाग खड़ा हुआ। सीखड़ निवासी शिवशंकर शर्मा रेनूकूट हिंडाल्को में नौकरी करते हैं उनको दो पुत्र और एक पुत्री है। शनिवार को वह अपनी पत्नी के साथ छोटे पुत्र दीपक और अपने ककहरां निवासी रिश्तेदार के पुत्र जितेंद्र को लेकर दीपक की शादी के लिए खरीददारी करने वाराणसी आए हुए थे। खरीददारी के बाद शिवशंकर अपनी पत्नी को लेकर साधन से रेनूकूट चले गए जबकि दीपक पुत्र शिवशंकर शर्मा उम्र लगभग 30 वर्ष अपने मामा के बेटे जितेंद्र पुत्र शेषमणी शर्मा उम्र लगभग 28 वर्ष को लेकर बाईक से सीखड़ अपने पैतृक घर को जाने के लिए निकल गया। बाईक सवार युवक जैसे हीं राज्यमार्ग संख्या 74 पर मुंदीपुर गांव के सामने भस्सी लादकर सड़क पर खड़ी ट्रैक्टर की ट्राली अचानक से सामने आ जाने के कारण उसमें भिड़ गए और गंभीर रूप से घायल हो गए। यह देखकर ट्रैक्टर का ड्राइवर भाग खड़ा हुआ। मॉर्निंग वॉक पर निकले राहगीरों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने देखा कि दोनों घायलों की मृत्यु हो चुकी है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर अंत्य परीक्षण के लिए भेज दिया और आगे की कार्यवाही में जुट गई है।

# सीखड़ के भरत मिलाप के पश्चात निकाली गई 32 झांकियां

**सीखड़ मीरजापुर!** क्षेत्र की 161वर्ष पुरानी प्रसिद्ध प्राचीन रामलीला समिति सीखड़ द्वारा दो दिवसीय बृहस्पतिवार, शुक्रवार को दशहरा मेला भरत मिलाप का अयोजन किया गया।मेला में भरत मिलाप देखने के लिए महिला, पुरुष, बूढ़े बच्चे सहित भारी संख्या में पूरी रात तक डटे रहे। मेला प्रेमियों ने मेला में घूमते फिरते मेले का आनंद उठाया।







शुक्रवार रात भरत मिलाप के पश्चात देर रात कलाकारों द्वारा मां दुर्गा द्वारा राक्षस का बध करते हुए,शंकर जी की जटा से गंगा प्रवाहित, वकासुर, मां सरस्वती की झांकी,भीष्म पितामह। जैसे एक से बढ़कर एक 32 झांकी निकाली गई। झांकी में वृंदावन के कलाकारों द्वारा कृष्ण लीला का नृत्य आकर्षण का केंद्र रहा। प्राचीन रामलीला समिति द्वारा चयनित लॉग को प्रथम पुरस्कार एलईडी टीवी, द्वितीय कूलर, तृतीय म्यूजिक साउंड आशिष मिश्रा और उनके सहयोगी अजित पाण्डेय द्वारा दिया गया। इस दौरान समिति के अध्यक्ष सौरभ पाण्डेय,प्रबंधक अभयशंकर चौबे, उमेश पांडेय, ताड़केश्वर नाथ मिश्रा, महिमा दुबे, अखिलेश तिवारी,पवन



पांडेय, मिंटू तिवारी, प्रवीण मिश्रा, प्रशांत मिश्रा, सोनू पांडेय, प्रधान धनंजय मिश्रा, दिलीप पाठक सहित बड़ी संख्या में कमेटी के लोग उपस्थित रहे।

यह साप्ताहिक मालिक, मुद्रक, प्रकाशक छोटेलाल शर्मा ने प्रचिता प्रिंट प्रा. लि. गाला नं.१३, मकाबा बिल्डिंग, एन. एम. जोशी मार्ग, भायखला (प.), मुंबई-४०००२७ से छपवाकर रुम नं. ३, सकला देवी चाल, राहुल मोटर ट्रेनिंग स्कूल के पास, नेहरू नगर, कांजूरमार्ग (पूर्व), मुंबई-४०००४२ महाराष्ट्र यहां से प्रकाशित किया। संपादकः छोटेलाल शर्मा (मो. ०९८१९८६२१७२) Email : kadamkadampar1@gmail.com